भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

लोक सभा

मौखिक प्रश्न संख्या - 422

सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)

केरल को देय अनुदान

***422. श्री माथेश्वरन वी. एस.:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आज तक केन्द्र सरकार द्वारा केरल को देय सभी प्रकार के अनुदानों की वर्ष-वार, क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार राशि कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की स्थिति के अनुसार केरल को देय विभिन्न श्रेणियों के अनुदानों के अंतर्गत किन्हीं कारणों से अनुदानों की बकाया राशि और अदत्त राशि क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस धनराशि को जारी करने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त मंत्री
(श्रीमती निर्मला सीतारामन)

******

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रखा गया है।

'केरल को देय अनुदान' के संबंध में श्री माथेश्वरन वीएस द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा मौखिक प्रश्न संख्या 422 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण:

(क) से (ग) : व्यय विभाग, नोडल मंत्रालय/विभाग से सिफारिशें प्राप्त होने के आधार पर केरल राज्य सरकार सहित राज्यों को केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान जारी करता है। इसके अतिरिक्त, अनुदानों का जारी किया जाना संबंधित अनुदान श्रेणियों के मौजूदा दिशा-निर्देशों में निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अधीन है। 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदानों का विवरण और वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक केरल राज्य सरकार को जारी की गई राशि निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

घटक	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26	
	आवंटन	जारी राशि	आवंटन	जारी राशि	आवंटन	जारी राशि	आवंटन	जारी राशि	आवंटन	जारी राशि
अंतरण पश्चात राजस्व घाटा अनुदान (पीडीआरडीजी)*	19891	19891	13174	13174	4749	4749	0.00	0.00	0.00	0.00
राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए सहायता अनुदान	251	251	264	264	278	278	291	291	306	153
राज्य आपदा शमन कोष के लिए सहायता अनुदान	63	63	66	66	69	69	73	36	77	0.00
ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनुदान	1203	1203	1246	1246	1260	1260	1334	1334	1301	911
शहरी स्थानीय निकायों के लिए अनुदान	592	592	613	613	649	576	687	306	701	0.00
स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान	559	558	559	559	587	578	616	616	647	0.00
कुल	**22559**	**22558**	**15922**	**15922**	**7592**	**7510**	**3001**	**2583**	**3032**	**1064**

*15वें वित्त आयोग द्वारा केरल को वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए अनुदान की सिफारिश नहीं की गई।

उपर्युक्त अनुदानों के अतिरिक्त, केरल को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से 115 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसके अलावा, निर्धारित शर्तों को पूरा करने के उपरांत नोडल मंत्रालय से 15वें वित्त आयोग द्वारा केरल के लिए अनुशंसित अनुदानों को जारी करने का कोई मामला व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय में लंबित नहीं है।

****